an>

TitleNeed to declare Rohtas and Kaimur districts of Bihar as drought-hit and provide adequate relief to the affected farmers.

श्री छेदी पासवान (सासाराम) : बिहार राज्य के रोहतास एवं कैमूर जिले में सूखे के कारण धान की फसल सूख गई है तथा रबी की खेती भी नगण्य हो गई है। अकाल की विकट स्थिति से किसान बुरी तरह प्रभावित हैं। यदि समय पर प्रभावित किसानों को राहत नहीं पहुँचायी गयी तो स्थिति अत्यन्त दुखदायी हो सकती है।

सूखे ने किसानों की कमर तोड़ दी है और कर्ज में डूबे एवं भुखमरी के कगार पर खड़े किसानों के सामने अँधेरा छाया है। जनजीवन के साथ-साथ पशुधन के समक्ष भी भुखमरी की स्थिति व्याप्त है। इस विकट समस्या का समाधान शीघ्र एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। प्रभावित किसानों को सभी प्रकार के कर्ज से मुक्ति दिलाने एवं विद्यमान आपदा से तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शीघ्र शुरू करने की आवश्यकता है। कर्ज माफी के साथ-साथ प्रभावित किसानों की मालगुजारी एवं बिजली बिल भी माफ किया जाए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के रोहतास एवं कैमूर दोनों जिलों को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करते हुए प्रभावित किसानों को पर्याप्त राहत पहुँचाने हेतु संबंधित मंत्रालय को निर्देशित किया जाए।